रजिस्ट्री सं. डी. (डी.)-72

REGISTERED No. D. (D)-72

भारत का राजपत्र

The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1

PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 190] नई दिल्ली, बुधवार, अक्तूबर 1, 1980/आश्विन 9, 1902

No. 190] NEW DELHI, WEDNESDAY, OCTOBER 1, 1980/ASVINA 9, 1902

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

वाणिज्य मंत्रालय

(आयात व्यापार नियंत्रण)

सार्वजनिक सूचना सं० 37 आई टी सी (पी एन)/80

नई दिल्ली 1 अक्तूबर, 1980

विषय — विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओ ई सी एफ) द्वारा प्रदान किए गए 2 7 बिलियन येन ऋण के अधीन माल के आयातों और सेवाओं के संबन्ध में लाइसेंस शर्तें।

विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओ ई सी एफ) द्वारा प्रदान किए गए 2 7 बिलियन येन ऋण के अधीन टेलिकम्युनिकेशन परियोजना, (2) के लिए माल के आयातों और सेवाओं के संबन्ध में आयात लाइसेंसों के निर्गमन को नियंत्रित करने वाली शर्तें जो इस सार्वजनिक सूचना में दी गई है सामान्य के लिए अधिसूचित की जाती हैं।

[मिसिल सं० आई पी सी 23/3/80 से जारी]

मणि नारायण स्वामी मुख्य नियंत्रक आयात निर्यात

वाणिज्य विभाग की सार्वजनिक सूचना संख्या 37 आई टी सी (पी एन)/80, दिनांक 1-10-80 का परिशिष्ट।

विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओ ई सी एफ) द्वारा प्रदान किए गए 2 7 बिलियन येन ऋण के अधीन टेलीकम्यूनिकेशन परियोजना (II) के लिए माल के आयातों और सेवाओं के संबन्ध में लाइसेंस शर्तें।

खण्ड—1—सामान्य शर्तें

1 (1) महानिदेशक डाकतार की दूर संचार परियोजना की आयात आवश्यकताओं के वित्तदान के लिए जापान की विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओ ई सी एफ) द्वारा प्रदान किया गया 2 7 बिलियन येन का ऋण विकासशील देशों के लिए खुला है। तदनुसार इस क्रेडिट के अधीन अधिप्राप्त की जाने वाली वस्तुएं और सेवाएं जापान और अनुबन्ध—1 की सूची में उद्धृत सभी देशों से आयात की जा सकती है। ये देश इस ऋण के अन्तर्गत पात्र स्रोत देश होंगे।

1 (2) क्रेडिट के अधीन केवल उन्हीं मदों और उसी मूल्य के लिए लाइसेंस जारी किये जा सकते है जिनके लिए महानिदेशालय तकनीकी विकास/पूंजीगत माल समिति द्वारा विशेष रूप से निकासी कर दी गई हो। इस क्रेडिट के अधीन जारी किए गए आयात लाइसेंस (सो) का मूल्य 3,000 मिलियन (लागत बीमा भाड़ा) येन से अधिक नहीं होना चाहिए।

आयात लाइसेंस का रुपये में मूल्य, राजस्व विभाग (सीमा-शुल्क) द्वारा अधिसूचित विनिमय दर और आयात लाइसेंस जारी करने की तिथि को प्रचलित दर और मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात द्वारा जारी की गई सार्वजनिक सूचना सं० 78—आई टी सी (पी एन) 74 दिनांक 6 जून 1974 के पैरा 2 के अनुसार आयात लाइसेंस में संकेतित दर पर निर्धारित किया जाएगा। जिसमे यह भी उल्लेख है कि सीमा शुल्क प्राधिकारी और विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत व्यापारी आयात लाइसेंस (सो) में विनिर्दिष्ट मुद्रा विनिमय दर पर लाइसेंस मूल्य के नाम डालेंगे। लाइसेंस पर एक शीर्षक 'जापानी येन ऋण संख्या आई डी पी—5 होगा। प्रथम और द्वितीय प्रत्यय के लिए लाइसेंस में "एस/जे एन' कोड होगा। महानिदेशक डाक तार को आयात लाइसेंस भेजते समय मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात के पत्र में भी इसे दुहराया जाएगा। जिसकी एक प्रति वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) को पृष्ठांकित की जानी चाहिए।

1 (3) लागत-बीमा भाड़ा के आधार पर केवल महानिदेशक डाकतार के नाम में ही लाइसेंस जारी किया जा सकता है।

1(4) महानिदेशक डाक तार की सुविधा पर निर्भर करते हुए एक से अधिक आयात लाइसेंस इस क्रेडिट के अधीन जारी किये जा सकते हैं। लेकिन कुल मूल्य 3,000 मिलियन (लागत बीमा भाड़ा) येन से अधिक नहीं होना चाहिए जैसा कि ऊपर पैरा (1) में कहा गया है।

1(5) आयात लाइसेंस की वैधता में वृद्धि महानिदेशक डाक तार द्वारा आवेदन करने पर 31-12-84 तक दी जा सकती है। इससे आगे की वृद्धि यदि कोई हो तो, वार्षिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) को भेजी जानी चाहिए।

1(6) क्रेडिट के अधीन वित्तदान किए जाने वाले आयात, आयात लाइसेंस से संलग्न माल और सेवाओं की सूची जोकि लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा विधिवत् सत्यापित हो, तक प्रतिबंधित है।

1(7) विदेशी मुद्रा के किसी भी परेषण की अनुमति आयात-लाइसेंस के प्रति नहीं दी जाएगी। भारतीय अभिकर्ता के कमीशन के प्रति कोई भी भुगतान भारतीय अभिकर्ता को भारतीय रुपये में किया जाना चाहिए। लेकिन ऐसे भुगतान लाइसेंस मूल्य के ही भाग होंगे और इसलिए लाइसेंस पर ही प्रभारित किए जाएंगे।

1(8) पक्के आदेश अनुबंध-1 में उल्लिखित देशों में स्थित विदेशी संभरकों को लागत-बीमा-भाड़ा के आधार पर दिए जाने चाहिए और वे आयात लाइसेंस जारी होने की तिथि से 4 महीनों की अवधि के भीतर वार्षिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) को भेज दिए जाने चाहिए। भाड़ा और बीमा प्रभार का भुगतान भारतीय रुपये में भारत में किया जाएगा। "पक्के आदेशों" का अर्थ विदेशी संभरकों को भारतीय लाइसेंस-धारी द्वारा दिए गए उन क्रय आदेशों से है जो या तो विदेशी संभरक द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित हो या भारतीय आयातक या विदेशी संभरक द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित क्रय संविदा हो। विदेशी संभरकों के भारतीय अभिकर्ताओं के आदेश या ऐसे भारतीय अभिकर्ताओं द्वारा पुष्टिकरण आदेश स्वीकार्य नहीं है।

1(9) चार महीनों की अवधि के भीतर बैंकों की इस शर्त का तब तक अनुपालन किया गया नहीं समझा जाएगा जब तक कि लेखे के पूर्ण दस्तावेज आयात लाइसेंस जारी होने की तिथि में चार महीनों के भीतर वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, डब्ल्यू ई-1 अनुभाग को नहीं पहुंच जाते हैं। यदि उपर्युक्त पैरा 1(8) में यथा उल्लिखित पक्के आदेश चार महीनों के भीतर वैध कारणों से नहीं दिए जा सकते हैं तो चार महीनों के भीतर आदेश क्यों नहीं दिए जा सकते इन कारणों का उल्लेख करते हुए लाइसेंसधारी को आयात लाइसेंस को सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को प्रस्तुत कर देना चाहिए। आदेश देने की अवधि में वृद्धि के लिए ऐसे आवेदनों पर लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा पात्रता के आधार पर विचार किया जाएगा वे अधिक से अधिक चार महीनों की और अवधि के लिए वृद्धि प्रदान कर सकते हैं। लेकिन, यदि वृद्धि इस लाइसेंस के जारी होने की तिथि से 8 महीनों से अधिक के लिए मांगी जाती है तो ऐसे प्रस्ताव निरपवाद रूप से लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग), नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेजे जाएंगे जो कि ऐसी वृद्धि के लिए प्रत्येक मामले की पात्रता के आधार पर विचार करेंगे और अपना निर्णय लाइसेंस प्राधिकारियों को भेजेंगे जिसको वे लाइसेंसधारी को परेषित करेंगे।

लाइसेंसधारी द्वारा लाइसेंस प्राधिकारियों से केवल ऐसी वृद्धि प्रदान करने वाला एक पत्र प्रस्तुत करने पर ही प्राधिकृत व्यापारी और विभागीय पदाधिकारी, आयात लाइसेंस के अधीन किए गए संभरण ठेकों के संबन्ध में बैंक गारन्टी साक्षपत्र स्थापित करने के लिए प्राधिकारपत्र तुल्य रुपया जमा कराने की स्वीकृति आदि की सुविधाओं की अनुमति देंगे।

1(10) आयात लाइसेंस की समाप्ति से चार महीने के भीतर सभी भुगतान अवश्य पूर्ण कर देने चाहिए। माल के पोत लदान पर अलग-अलग भुगतानों की व्यवस्था होनी चाहिए। ठेके में नकद आधार पर अर्थात् पोतलदान दस्तावेजों के प्रस्तुत करने पर भुगतान की व्यवस्था होनी चाहिए। विदेशी संभरक से भारतीय आयातक को किसी भी किस्म की ऋण सुविधा उपलब्ध करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। माल के वितरण की अवधि के लिए ठेके में निम्नलिखित अनुसार व्यवस्था होनी चाहिए।

"साख पत्र की प्राप्ति के बाद.....महीने परन्तु अधिक से अधिक.....के अन्त तक पूर्ण किया जाना है।"

पोतलदान के लिए आखिरी तिथि निश्चित करने में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि यह तिथि 31-12-84 के बाद की न हो।

खण्ड-2—संभरण ठेके का समझौता करते समय ध्यान में रखी जाने वाली विशेष बातें

2(1)(क) ठेके का जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य येन में (येन की भिन्न के बिना) अभिव्यक्त होना चाहिए और इसमें भारतीय अभिकर्ता का कमीशन, यदि कोई हो तो वह शामिल नहीं होना चाहिए जो कि भारतीय रुपए में चुकाना चाहिए। भारतीय रुपए या किसी अन्य मुद्रा में ठेके का मूल्य किसी भी परिस्थिति में अभिव्यक्त नहीं होना चाहिए। क्रय आदेश और संभरक द्वारा पुष्टिकरण आदेश केवल अंग्रेजी में होना चाहिए।

2(2) ओ०ई०सी०एफ० येन क्रेडिट (परियोजना सहायता) के अधीन माल और सेवाएं अधिप्राप्त करने के लिए विस्तृत निर्देश अनुबन्ध-2 में दिए गए है। लेकिन साधारणतया, माल और सेवाओं की अधिप्राप्ति औपचारिक खुली अन्तर्राष्ट्रीय संविदा के माध्यम से की जानी चाहिए और निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखा जाना चाहिए :—

(क) बोली लगाने के लिए नियंत्रण भारत में सामान्य रूप से परिचालित होने वाली कम से कम एक अखबार में विज्ञापित करने पड़ेंगे।

(ख) बोली के बाण्ड या बोली लगाने की गारन्टी सामान्य आवश्यकता है परन्तु उनको इतना ऊंचा महत्व नहीं देना चाहिए कि उचित बोली लगाने वाले, हतोत्साहित हो जाएं।

(ग) बोली खुल जाने के बाद असफल बोलीकारों को यथा शीघ्र बोली बाण्ड या गारन्टियां रिहा कर देनी चाहिए।

2(3) जिन मामलों में औपचारिक खुली अन्तर्राष्ट्रीय संविदा उचित न हो वहां निधि निम्नलिखित वैकल्पिक क्रियाविधि अपनाएगी:—

(क) जहां आयातक के पास विश्वसनीय कारण हों या अपने उपस्कर का उचित मानकीकरण रखता हो।

(ख) जहां पर पात्र संभरकों की संख्या सीमित हो।

(ग) जहां अधिप्राप्ति में शामिल धनराशि इतनी कम हो कि विदेशी फर्म स्पष्ट रूप से दिलचस्पी न ले या यह कि औपचारिक खुली अन्तर्राष्ट्रीय संविदा के फायदे शामिल प्रशासकीय भार से महत्वपूर्ण हों।

(घ) ऊपर (क), (ख) और (ग) के अतिरिक्त जहां निधि औपचारिक खुली अन्तर्राष्ट्रीय निविदा का अनुकरण करना अनुचित समझे या निधि ऐसी प्रक्रिया को अनुपयुक्त समझे उदाहरणार्थ आपात अधिप्राप्ति के मामले में।

ऊपर संकेतित मामलों में निम्नलिखित अधिप्राप्ति प्रक्रिया इस ढंग से अपनाई जाए जिससे कि जहां तक उचित हो पूर्ण संभाव्य सीमा तक औपचारिक खुली अन्तर्राष्ट्रीय निविदा प्रक्रिया का अनुपालन हो सके:—

(1) औपचारिक चुनिन्दा अन्तर्राष्ट्रीय निविदा करना

(2) अनौपचारिक अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिक अधिप्राप्ति ।

(3) एक संभरक से सीधा क्रय ।

3 महानिदेशक डाक तार को विशेष कारण/औचित्य बताने वाली बोलियों के मूल्यांकन और तुलना पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करनी चाहिए जिस पर न्यूनतम मूल्यांकित बोली आधारित हो और इसकी तीन प्रतियों के साथ बोली विश्लेषण विवरणी शीट, दस्तावेजी साक्ष्यों सहित यदि कोई हो तो वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेजनी चाहिए जो विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (आई सी एफ) से उसका आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करेंगे । यह ध्यान में रखना चाहिए कि क्रय संविदा, वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) (जापान अनुभाग) द्वारा ओ०ई०सी०एफ० को केवल तभी अधिसूचित किया जाएगा जबकि रिपोर्ट आदि को आई०सी०एफ० से अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया हो ।

2(4) विदेशी संभरक का भुगतान, उनके नाम में भारतीय बैंक टोकियो द्वारा 1979-80 के लिए ओ ई सी एफ येन क्रेडिट (परियोजना सहायता) सं० आई डी पी-5 के अधीन खोले गए अपरिवर्तनीय साखपत्र के माध्यम से किया जाना चाहिए जिसका ब्यौरा नीचे खण्ड 6 में दिया गया है ।

2(5) आयात लाइसेंस के प्रति केवल एक ही संविदा की जानी चाहिए । लेकिन, कुछ विशेष मामलों में, एक से अधिक संविदा करने की अनुमति भी दी जा सकती है जिसके लिए आयात लाइसेंस जारी होने की तिथि के तुरन्त बाद वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) से अनुमोदित प्राप्त कर लेना चाहिए ।

2(6) संभरक की पात्रता

संभरक पात्र स्रोत देशों का नागरिक या पात्र स्रोत देशों के नागरिकों द्वारा यथार्थरूप से शासित वैध व्यक्ति होगा । उसे निम्नलिखित शर्तें पूर्ण करनी पड़ेंगी :—

(क) मात्र स्रोत देशों के नागरिकों द्वारा अधिकतर अभिदत्त शेयर रखे जाएंगे ।

(ख) अधिकतर पूर्ण कालिक निदेशक पात्र स्रोत देशों के नागरिक होंगे ।

(ग) ऐसे वैध व्यक्ति पात्र स्रोत देशों में पंजीकृत होंगे

2(7) संविदा में घोषणा

प्रत्येक संविदा में संभरकों द्वारा पात्रता का निम्नलिखित विवरण जोड़ा जाएगा :—

"मैं, अधोहस्ताक्षरी एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं कि संभावित किया जाने वाला माल ..... मैं (पात्र स्रोत देश) उत्पादित है ।

मैं, अधोहस्ताक्षरी आगे यह प्रमाणित करता हूं कि मेरी पूरी जानकारी और विश्वास के अनुसार अपात्र स्रोत देशों से आयातित भाग निम्नलिखित सूत्र के अनुसार 30% से कम है :—

आयातित लागत बीमा-भाड़ा मूल्य आयातित शुल्क × 100"

संभरक का जहाज पर निशुल्क मूल्य

और

"मैं, अधोहस्ताक्षरी, एतद्द्वारा सत्यापित करता हूं कि———— (पात्र स्रोत देश का नाम) में———— (कम्पनी का नाम) समाविष्ट और पंजीकृत हो चुकी है और पात्र स्रोत देशों के नागरिकों द्वारा नियंत्रित है ।

2(8) अपात्र स्रोत देशों से अनुमेय आयात

जिन वस्तुओं में अपात्र स्रोत देशों में बनी हुई सामग्री निहित है उसका वित्तदान किया जा सकता है बशर्ते कि निम्नलिखित सूत्र के अनुसार मदवार आधार पर आयातित भाग 30% से कम हो :—

आयातित लागत बीमा + आयात शुल्क भाड़ा मूल्य

संभरक का जहाज पर निशुल्क मूल्य × 100"

खण्ड-3-संभरण ठेकों में समाविष्ट की जाने वाली शर्तें

3(1) संभरण ठेकों में निम्नलिखित प्रावधान विशेष रूप से समाविष्ट होने चाहिए :—

(क) ठेके की व्यवस्था भारत सरकार और जापान की विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (आईसीएफ) के बीच दूर संचार परियोजना (2) के लिए येन क्रेडिट आईडीपी-5 (परियोजना सहायता) से सम्बन्धित 8 मई, 1980 को हुए ऋण समझौते के अनुसार होनी चाहिए और यह भारत सरकार और विदेशी आर्थिक सहयोग निधि के अनुमोदन के अधीन होगा ।

(ख) संभरकों को भुगतान भारत सरकार और जापानी विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (आईसीएफ) के बीच येन क्रेडिट सं० आईडीपी-5 से सम्बन्धित 8 मई, 1980 को हुए ऋण समझौते के अन्तर्गत बैंक आफ इण्डिया टोकियो द्वारा जारी किए जाने वाले अपरिवर्तनीय साखपत्र के माध्यम से किए जाएंगे ।

(ग) विदेशी संभरक ऐसी सूचना और दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए सहमत होगा जो एक ओर भारत सरकार द्वारा और दूसरी ओर आईसीएफ द्वारा येन ऋण के अधीन अपेक्षित हों ।

(घ) 2(7) में उल्लिखित प्रपत्र में प्रमाण पत्र (तीन प्रतियों में)

3(2) यदि किसी मामले में संभरक जापान में स्थित हो तो संभरण संविदा के सम्बन्ध में एक धारा होनी चाहिए कि जापानी संभरक भारतीय दूतावास, टोकियो के परामर्श पर पोत परिवहन व्यवस्था करने के लिए सहमत है और इस उद्देश्य के लिए वह भारतीय दूतावास, टोकियो को, शामिल माल की सपुर्दगी के कार्यक्रम से अवगत करायेगा और पोतलदान से कम से कम 4 सप्ताह पूर्व दूतावास को सूचना देना जिसे कि उचित व्यवस्था हो सके । विशेष मामलों में, जहां भारतीय आयातक इच्छुक हो, सूचना की इस अवधि को कम किया जा सकता है । जापानी संभरक को प्रत्येक पोतलदान के पश्चात् आवश्यक ब्यौरे देते हुए तार से सूचना भेजने के लिए सहमत होना चाहिए और उसकी एक प्रति भारतीय दूतावास, टोकियो को भेजी जानी चाहिए ।

खण्ड-4—विदेशी आर्थिक सहकारिता निधि (ओ०ई०सी०एफ०) द्वारा ठेके का अनुमोदन

4(1) लाइसेंसधारी को पक्के आदेश देने के लिए निर्धारित अवधि के भीतर महानिदेशक डाक एवं तार और विदेशी सम्भरकों दोनों द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित ठेके की चार प्रतियां जो विदेशी संभरक द्वारा लिखित में पुष्टि आदेश के साथ हों या उनकी हर प्रकार से पूर्ण फोटो प्रतियां, संगत वैध आयात लाइसेंस की 2 फोटो प्रतियों सहित, जापान अनुभाग, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेजनी चाहिए ।

(2) उपर्युक्त कियाविधि सभी ठेकों के लिए और ठेकों की विषय-वस्तु के लिए अनिवार्य आशोधनों के कारण संशोधनों या उनकी कीमतों पर भी लागू होगी ।

(3) वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) जापान अनुभाग, तार संचार परियोजना (2) के लिए येन क्रेडिट सं० आईडीपी-5 (परियोजना

सहायता) के अन्तर्गत वित्तदान करने के लिए विदेशी आर्थिक सहकारिता निधि (आई सी एफ) की संविदा दस्तावेजों की एक प्रति उनके अनुमोदन के लिए भेजने की व्यवस्था करेगा ।

खण्ड–5—विदेशी सम्भरकों को भुगतान-साख-पत्र क्रियाविधि

5(1) विदेशी आर्थिक सहकारिता निधि (आई सी एफ) से ठेके के अनुमोदन की सूचना मिलने पर वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, जापान अनुभाग द्वारा महानिदेशक, डाक एवं तार और सहायता लेखा तथा लेखा परीक्षा नियंत्रक को उसकी सूचना दे दी जाएगी । उसके बाद महानिदेशक, डाक एवं तार विभाग की सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक (जिसे इसके बाद सीएएए कहा गया है) आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, यूसीओ बैंक बिल्डिंग, संसद मार्ग नई दिल्ली को अनुबन्ध 3 के रूप में संलग्न प्रपत्र में प्राधिकार पत्र जारी करने के लिए अनुरोध करना चाहिए । सीएएए खण्ड ए अनुबन्ध-4 के रूप में संलग्नक प्रपत्र में एक प्राधिकार पत्र भारतीय बैंक की टोकियो शाखा को अनुबंध-5 (वास्तविक आयातों के लिए) या अनुबंध-6 (सेवाओं के लिए) के रूप में संलग्नक प्रपत्र में सम्बन्धित विदेशी सम्भरक के नाम में अपरिवर्तनीय साखपत्र खोलने के लिए जारी करेगा । प्राधिकार पत्र की प्रतियां (विदेशी आर्थिक सहकारिता निधि) (आईसीएफ), भारतीय दूतावास टोकियो, भारत में आयातक के बैंक और जापान अनुभाग, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय को भी पृष्ठांकित की जाएंगी ।

5(2) प्राधिकार-पत्र मिलने पर, भारतीय बैंक टोकियो अनुबन्ध–5 *(वास्तविक आयातों के लिए लागू होता है) या 6 (सेवाओं के लिए लागू होता है)* के अनुसार सम्बन्धित विदेशी संभरकों के नाम में अपरिवर्तनीय साखपत्र की स्थापना करेगा और उसकी एक प्रति विदेशी आर्थिक सहकारिता निधि (आईसीएफ) भारतीय दूतावास टोकियो, भारत में आयातक के बैंक और सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक, को भी भेजेगा ।

सी ए ए ए से प्राधिकार-पत्र के आधार पर साखपत्र खोलने के लिए उपर्युक्त क्रियाविधि संविदा संशोधन या अन्यथा के लिए आवश्यक समझे जाने वाले ऐसे ही सभी प्राधिकार पत्र/साख-पत्रों के संशोधनों पर स्वतः लागू होगी ।

5(3) माल का पोत लदान करने के बाद विदेशी संभरक अपने बैंकरों के माध्यम से साखपत्र में उल्लिखित दस्तावेज भुगतान के लिए बैंक आफ इण्डिया, टोकियो को प्रस्तुत करेगा । यदि दस्तावेज सही पाए गए तो बैंक आफ इण्डिया, टोकियो दस्तावेजों में उल्लिखित धनराशि को विदेशी संभरक को उसके बैंकरों के माध्यम से रिहा करेगा और उसके बाद आयातों की लागत की धनराशि की प्रतिपूर्ति विदेशी आर्थिक सहयोग निधि से प्राप्त करेगा ।

5(4) साखपत्र खोलने, रख-रखाव और उसके प्रचालन के सारे खर्चे विदेशी संभरकों के लेखे से लिए जाएंगे । इसलिए, भारतीय बैंक, टोकियो विदेशी बैंक से इन सभी खर्चों की वसूली करेगा, सौदे से सम्बन्धित दस्तावेजों को भेजने की व्यवस्था करने के लिए खर्चे और अन्य प्रासंगिक खर्चे भी संभरक द्वारा उठाए जाएंगे ।

भारतीय बैंक, टोकियों द्वारा संभरक को माल के जहाज पर निःशुल्क मूल्य के भुगतान की तारीख और आईसीएफ द्वारा प्रतिपूर्ति की तारीख के बीच अन्तराल के लिए भारतीय बैंक 25-3-1980 को भारत सरकार (वित्त मंत्रालय) के साथ उनके द्वारा किए गए समझौते के नियम एवं शर्तों के अनुसार ब्याज की वसूली करेगा और भारतीय दूतावास टोकियो से उसकी प्रतिपूर्ति करवा लेगा । जापान में भारतीय दूतावास द्वारा इस ब्याज के भुगतान से हुए खर्चे [खण्ड 6 (4) के अनुसार] डाक एवं तार विभाग से वसूल किए जाएंगे ।

खण्ड–6—रुपया निक्षेप करने के लिए उत्तरदायित्व

6(1) भारतीय बैंक टोकियो संगत प्राधिकारपत्र के परिशिष्ट में संकलित अनुसार महानिदेशक, डाक एवं तार के प्राधिकृत बैंकर को अपक्राम्य जहाजरानी दस्तावेज भेजेगा और बैंकर इसके बदले में यह सुनिश्चय करेगा कि महानिदेशक, डाक एवं तार ने जहाजरानी दस्तावेज रिहा होने से पहले भारतीय रिजर्व बैंक, नई दिल्ली या भारतीय स्टेट बैंक, तीस हजारी, दिल्ली में रुपया निक्षेप कर दिया है । विदेशी संभरक को दिए गए येन भुगतान के समतुल्य रुपया सार्वजनिक सूचना सं०–74 आईटीसी (पीएन)/74, दिनांक 31-5-1974 में निर्धारित तरीके से भारत सरकार के लेखे में जमा किया जाएगा । विदेशी संभरक को किए गए येन भुगतान के समतुल्य रुपए की गणना करने के लिए अपनाई जाने वाली विनिमय की दर भुगतान की तारीख को लागू विनिमय की वह मिश्रित दर होगी जो सार्वजनिक सूचना सं०–109-आईटीसी (पीएन)/74, दिनांक 3-8-74 और सं० 8 आईटीसी(पीएन)/76, दिनांक 17-1-1976 में निर्धारित तरीके के अनुसार निश्चित की गई हो जो मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात की सार्वजनिक सूचनाओं के माध्यम से या भारतीय रिजर्व बैंक के मुद्रा विनिमय नियंत्रण परिपत्रों के माध्यम से सरकार समय-समय पर घोषित की गई हो । जिस लेखा शीर्ष में उपर्युक्त रुपया निक्षेप किया जाएगा वह "के डिपॉजिट्स एण्ड एडवांसिस–843 सिविल डिपोजिटस-डिपॉजिट्स फार परचेजिज एट्सट्रा एब्रोड, परचेज अण्डर क्रेडिट्स । लोन एग्रीमेण्ट लोन फ्रोम दि गवर्नमेंट आफ जापान 27 बिलियन येन क्रेडिट सं० आईईईपी-5 फार टेलिकम्यूनिकेशन प्रोजेक्ट(2)" होना चाहिए । किन्तु 31-5-1974 की उपर्युक्त सार्वजनिक सूचना में उल्लिखित ब्याज खर्चे और निक्षेप की गणना से सम्बन्धित व्यवस्थाएं लागू नहीं होंगी क्योंकि केन्द्रीय सरकार के विभागों द्वारा किए गए आयातों के सम्बन्ध में कोई भी ब्याज खर्चा वसूल नहीं किया जाता है ।

6(2) ऊपर उल्लिखित धनराशि या तो भारतीय रिजर्व बैंक, नई दिल्ली में या स्टेट बैंक आफ इण्डिया, तीस हजारी, दिल्ली में सरकार की साख में सार्वजनिक सूचना संख्या-184-आईटीसी (पीएन)/68, दिनांक 30-8-1968, सं० 233 आईटीसी (पीएन)/68, दिनांक 24-10-1968 सं० 132 आईटीसी (पीएन)/71, दिनांक 5-10-71, सं०-74 आईटीसी (पीएन)/74, दिनांक 31-5-74 और सं० 103 आईटीसी (पीएन)/76 दिनांक 12-10-76 में यथानिर्धारित तरीके में जमा होनी चाहिए ।

6(3) भारत सरकार वित्त मंत्रालय आर्थिक कार्य विभाग द्वारा ऐसी मांग किए जाने के बाद सात दिनों के भीतर सम्बद्ध भारतीय बैंक को ऊपर निर्धारित तरीके से वह अतिरिक्त धनराशि सेवा खर्चो के निमित्त भेजेगा जो वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) द्वारा मांगी जाए । चालान के विभिन्न कालमों को भरते समय आयातकों/उनके बैंकरों को इस बात का सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि सार्वजनिक सूचना सं० 103 आई टी सी (पीएन)/76 दिनांक 12-10-76 के साथ पढ़ी जानी वाली सार्वजनिक सूचना संख्या-132-आईटीसी(पीएन)/71, दिनांक 5-10-1971 के पैरा 2 में निर्धारित सूचना और सार्वजनिक सूचना संख्या-74-आईटीसी (पीएन)/74, दिनांक 31-5-74 में भी निर्धारित सूचना चालान के कालम "धन परेषण और प्राधिकारी (यदि कोई हो) के पूर्ण ब्यौरे" में निरपवाद रूप से निर्दिष्ट किए गए हैं । खजाना चालान में निम्नलिखित ब्यौरे निरपवाद रूप से प्रस्तुत करने चाहिए :—

(क) वित्त मंत्रालय के प्राधिकार पत्र सं० और दिनांक;

(ख) येन मुद्रा की वह धनराशि जिसके सम्बन्ध में अपनाई गई परिवर्तन की दर के साथ निक्षेप किए जाने हैं;

(ग) विदेशी संभरक का भुगतान करने की तिथि ।

उसके पश्चात् सी ए ए ए द्वारा जारी किए गए प्राधिकार पत्र का संदर्भ देते हुए और बीजक तथा पोत परिवहन दस्तावेजों को संलग्न करते हुए

खज़ाना चालान रुपया जमा करने का साक्ष्य देते हुए पंजीकृत डाक द्वारा सी० ए० ए० ए० को भेजा जाना चाहिए।

टिप्पणी :—भारत में आयातक के बैंक का यह सुनिश्चित करना चाहिए कि रुपए का निक्षेप भारतीय बैंक, टाकिया से अदायगी की सूचना और अपरिवर्तनीय पोत लदान दस्तावेजों की प्राप्ति के 10 दिनों के भीतर निरपवाद रूप से किया जाना चाहिए और यह कि इसके तत्काल बाद सी० ए० ए०, वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग), नई दिल्ली को सूचित कर दिया जाएगा।

6(4) भारत में सम्बद्ध भारतीय बैंक को लाइसेंस की मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति पर रुपया निक्षेपों की धनराशि का पृष्ठांकन करना चाहिए और यथापेक्षित 'एस' प्रपत्र भारतीय रिजर्व बैंक आफ बम्बई को भेजना चाहिए।

भारतीय दूतावास टाकिया द्वारा भारतीय बैंक, टाकिया को किए गए ब्याज आदि के आधार पर येन भुगतान के समतुल्य रुपए की गणना भी उपर्युक्त खण्ड-6 की कंडिका 6(1) में उल्लिखित तरीके से की जाएगी और उसे मद्य लेखा अधिकारी, विदेश मंत्रालय के नाम में जमा किया जाए। जिसका प्रयोजनार्थ सी० ए० ए० एण्ड ए० उचित बीजक जारी करेगा।

खण्ड 8—विविध व्यवस्थाएं

8(1) आयात लाईसेंस के उपयोग करने की रिपोर्ट

आयातक को पोत लदान और उसके अधीन किए गए भुगतान और शेष धनराशि के बारे में साख-पत्र खोलने के बाद एक मासिक रिपोर्ट सहायता लेखा एवं परीक्षा नियंत्रक आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय यू०सी०ओ० बैंक बिल्डिंग संसद मार्ग, नई दिल्ली को भेजनी चाहिए।

8(2) सम्भरकों को विशेष शर्तों के बारे में अधिसूचित करना

लाइसेंसधारी को आयात लाइसेंस में दिए गए किसी उन विशेष उपबन्धों से सम्भरक को अवगत करा देना चाहिए जो माल के लाने ले जाने में सम्भरक पर प्रभाव डालती हों।

8(3) विवाद

यह समझ लेना चाहिए कि लाइसेंस और सम्भरकों के बीच कोई विवाद उठेगा तो उसके लिए भारत सरकार कोई उत्तरदायित्व नहीं लेगी। भारतीय बैंक टाकिया द्वारा किए गए भुगतान में पहले सम्भरक द्वारा पूरी की जाने वाली शर्तें अनुबन्ध 3 में "भुगतान की शर्तें" के अन्तर्गत अच्छी तरह स्पष्ट कर देना चाहिए। संविदा की शर्तों में विवाद के निपटान से सम्बद्ध व्यवस्थाएं शामिल होनी चाहिए।

8(4) भविष्य अनुदेश

आयात लाइसेंस या उसके सम्बन्ध में उठ खड़े होने वाले किसी मामले या सभी मामलों से सम्बन्धित या जापानी प्राधिकारियों के साथ येन क्रेडिट समझौते (पण्यवस्तु सहायता) के अधीन सभी आभारों को पूर्ण करने के लिए भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निदेशों अनुदेशों या आदेशों का लाइसेंसधारी को तुरन्त पालन करना होगा।

8(5) अतिक्रमण व उल्लंघन

उपर्युक्त खण्डों में स्थिर की गई शर्तों के अतिक्रमण या उल्लंघन करने पर आयात निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम के अधीन उचित कार्यवाई की जाएगी।

8(6) अनुबन्धों की सूची

1	अनुबन्ध 1	पात्र स्रोत देशों की सूची
2	अनुबन्ध 2	अधिप्राप्ति के लिए मुख्य मार्गदर्शन
3	अनुबन्ध 3	प्राधिकार-पत्र जारी करने के लिए अनुरोध
4	अनुबन्ध 4	प्राधिकार-पत्र का प्रपत्र
5	अनुबन्ध 5	साख-पत्र का प्रपत्र (वास्तविक आयाता के लिए लागू)
6	अनुबन्ध 6	साख-पत्र का प्रपत्र (सेवाओं के लिए लागू)

अनुबन्ध 1

पात्र स्रोत देशों की सूचि

(क) विकासशील देश तथा उनके क्षेत्र

(क-1) ओ पी ई सी से भिन्न विकासशील देश

(ख) विकासशील देश तथा उसके क्षेत्र

(ख-1) माल-ओ०पी०ई०सी० विकासशील देश

1 अफ्रीका, उत्तरी सहारा
- मिस्र
- मोरोको
- तुनीशिया

2 अफ्रीका, दक्षिणी सहारा
- अंगोला
- बोत्सवाना
- बुरुन्डी
- कैमेरून
- केप वर्डी द्वीपसमूह
- केन्द्रीय अफ्रीका गणतन्त्र
- चाड
- कमोरो द्वीपसमूह
- इथियोपिया
- जाम्बिया
- घाना
- गिनी
- आइवरी कोस्ट
- कीनिया
- लिसोथो
- लाइबेरिया
- मालागासी गणतन्त्र
- मलावी
- माली
- मारितानिया मारीशस
- मुजाम्बीक
- नाइगरा
- पुर्तगाली गिना
- रियुनियन
- रोडेशिया
- रवान्दा
- सेंट हेलिना और डेप (2)
- साओटोम और प्रिन्साइप
- सेनेगाल
- सेशिलिस
- सियरा लिओन

सोमालिया
सूडान
स्वाजीलैंड
टेरी आफर्स और इस्सास
टोगो
युगान्डा
तंजानिया गणतंत्र संघ
अपर वोल्टा
जाइरे गणतंत्र
जाम्बिया

3. अफ्रीका उत्तरी और केन्द्रीय

बेहमस
बारबोडोज
बेलाइज
बरमुडा
कोस्टारिका
क्यूबा
डोमिनिकन गणतंत्र
एल साल्वेडोर
गुआडेलोप
ग्वाटेमाला
हेती
होन्डूरस
जेमैका
मार्टिनिक
मैक्सिको
नीदरलैंडस एनटिलीज
निकारागुआ
पनामा
सेन्ट पियरी और मिकेलोन
ट्रिनिडाड और टोबैगो
वेस्ट इण्डीज (शाखा) एस०आई०ई०
(क) सम्बन्धित राज्य (1)
(ख) आश्रित (2)

(1) पहले स्पेनी गिनी के प्रदेश, फरनेन्डो पो द्वीप समूहित
(2) निम्नलिखित द्वीपों सहित :—
अंसेन्शन, ट्रिस्टन डा क्न एक्सोसिविल्स, नाइटिन्गेल गण।
(3) मुख्य द्वीप समूह, अरबी, बोनाहरे क्यूराकाओ साहा, सेन्ट मारटिन (दक्षिण भाग)

4. दक्षिणी अमरीका

अर्जेन्टीना
बोलिविया
ब्राजील
चिली
कोलम्बिया
फाल्कलैंड द्वीप समूह
फ्रांसिसी गिनी
गुयाना
पाराग्वे
पीरु
सूरिनाम
उरुग्वे

5. मध्य पूर्वी एशिया

बेहरीन
इजराइल
जोर्डन
लेबनान
ओमन
सिरिआई अरब गणतंत्र
यूनाइटिड अरब अमिरात
यमन अरब गणतंत्र (3)
यमन जनवादी डी०आर० (4)

6. दक्षिणी एशिया

अफगानिस्तान
बांगला देश
भूटान
बर्मा
भारत
मालद्वीप
नेपाल
पाकिस्तान
श्रीलंका

7. सुदूर पूर्वी एशिया

ब्रूनेई
हांगकांग
खमेर गणतंत्र
कोरिया गणतंत्र
लाओस
मकाओ
मलेशिया
फिलिपाइन
सिंगापुर
ताइवान
थाइलैंड
तिमोर
वियतनाम गणतंत्र
वियतनाम जनवादी गणतंत्र

8. ओसिनिया

कोक द्वीप समूह
फिजी
गिल्बर्ट और इलाइस द्वीप
फ्रांसिसी पोलिनेशिया (5)
नोरु
न्यू कालेडोनिया
न्यू हेब्रिडेस (ब्रि और फ्रे)
निए
पैसिफिक द्वीप समूह (संयुक्त राज्य (6)
पापुआ न्यू गिनी
सोलामन द्वीप समूह (ब्रि)
टोंगो
वालिस और फुतुना
पश्चिमी सामओ

9. यूरोप

साइप्रस
जिब्राल्टर

ग्रीक
माल्टा
स्पेन
तुर्की
युगोस्लाविया

(1) मुख्य द्वीप एन्टिगुआ, डोमिनिका, ग्रेनेडा, सेन्ट किट्स (सेन्ट क्रिस्टोफी) नेविस अगुइला, सेन्टलुसिया और सेन्ट विन्सेन्ट

(2) मुख्य द्वीप : मोन्सेरात, केमान, तर्क और काइकोस और ब्रिटिश वरजिन द्वीप समूह

(3) अजमान, दुबाल, फुजाइरह, रास अल खेमाह शारजाह और उम अल क्वैन

(4) अदन और विभिन्न सुल्तान और अमीरात सहित।

(5) सोसायटी द्वीप समूह (ताहिती सहित) को शामिल करते हुए, आस्ट्रल द्वीप समूह, टुआमोट, गाम्बियर ग्रुप और मार्केसस द्वीप समूह।

(6) पैसिफिक द्वीप समूह का ट्रस्ट प्रदेश : कारोलीन द्वीप समूह, मार्शल द्वीप समूह और मेरिना द्वीप समूह (गाम को छोड़कर)

(क2) ओ॰ पी॰ ई॰ सी॰ के सदस्य या सहयोगी देश

अल्जीरिया
बोलिविया
लीबियाई अरब गणतंत्र
गेबान
नाइजीरिया
इक्वेडोर
वेन्जुएला
ईरान
ईराक
कुवैत
कातार
सउदी अरब
अबुधाबी
इन्डोनेशिया

अनुबन्ध-2

ऋण के अधीन अधिप्राप्ति के लिए मार्ग दर्शन
विषय सूची की तालिका

अनुच्छेद संख्या	शीर्षक
अनुच्छेद 1	सामान्य
खण्ड 1.01	प्रस्तावना
खण्ड 1.02	औपचारिक खुले अन्तर्राष्ट्रीय निविदा करने से भिन्न क्रियाविधि
खण्ड 1.03	संविदाओं की किस्म और आकार
अनुच्छेद 2	विज्ञापन और इससे पूर्व की शर्तें
खण्ड 2.01	विज्ञापन
खण्ड 2.02	बोली लगने से पूर्व की शर्तें
अनुच्छेद 3	बोली लगाने वाले दस्तावेज
खण्ड 3.01	निधि के लिए सन्दर्भ
खण्ड 3.02	बोली बाण्ड अथवा गारन्टियां
खण्ड 3.03	संविदा की शर्तें
खण्ड 3.04	विशिष्टिकरणों का स्पष्टीकरण
खण्ड 3.05	मापदण्ड
खण्ड 3.06	ब्राण्ड नामों का उपयोग
खण्ड 3.07	संविदाओं के अन्तर्गत व्यय
खण्ड 3.08	बोलियों का मूल्य
खण्ड 3.09	संविदा मूल्य
खण्ड 3.10	मूल्य समंजन धाराएं
खण्ड 3.11	अग्रिम भुगतान
खण्ड 3.12	गारन्टियां निष्पादन बांड और रोक रखा गया धन
खण्ड 3.13	बीमा
खण्ड 3.14	चुकाई गई क्षति और बोनस धाराएं
खण्ड 3.15	बाध्यकर स्थितियां (फोर्स मेज्यूर)
खण्ड 3.16	भाषा की व्याख्या
खण्ड 3.17	विवादों का निपटारा
अनुच्छेद 4	बोली खोलना, मूल्यांकन और संविदा प्रदान करना
खण्ड 4.01	बोली आमंत्रित करने और बोली लगाने के बीच का समय
खण्ड 4.02	बोली खोलने की क्रियाविधि
खण्ड 4.03	बोलियों का स्पष्टीकरण या परिवर्तन
खण्ड 4.04	क्रियाविधि गोपनीय रखना
खण्ड 4.05	बोलियों का परीक्षण
खण्ड 4.06	बोलियों के पूर्व की शर्तें
खण्ड 4.07	बोलियों का मूल्यांकन तथा तुलना
खण्ड 4.08	बोलियों को रद्द करना
खण्ड 4.09	संविदा प्रदान करना
अनुच्छेद 5	सलाहकारों के उपयोग के लिए मार्ग दर्शन
खण्ड 5.01	सलाहकारों की स्वतन्त्रता
खण्ड 5.02	सलाहकारों का चयन

संलग्न वस्तु :—पात्र स्रोत देश

ऋण के अन्तर्गत माल प्राप्त करने के लिए मार्ग दर्शन

अनुच्छेद-1

सामान्य

खण्ड 1.01 प्रस्तावना

(क) ये निर्देशन विशेषु उन नियमों को बताते हैं जो कि विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (इसके बाद "निधि" कहलाए) उस परियोजना के विकास के लिए माल और सेवाओं की अधिप्राप्ति के लिए सामान्यतः लागू करती है जिसके लिए निधि अपने ऋण द्वारा पूर्ण रूप से अथवा आंशिक रूप से वित्त प्रदान करती है।

(ख) निधि के ऋण की रकम की मितव्ययता, दक्षता और उन देशों के बीच बिना भेदभाव की भावना को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए उपयोग करना होगा जो कि उपर्युक्त माल और सेवाओं की अधिप्राप्ति के लिए पात्र है (ऐसे देश इसके पश्चात् "पात्र स्रोत देशों" के नाम से पुकारे गए हैं)। निधि यह विचार रखती है कि बहुत से मामलों में औपचारिक खुला अन्तर्राष्ट्रीय निविदा, परियोजना विकास के लिए माल और सेवाओं का आर्थिक और दक्षतापूर्ण अधिप्राप्ति के लिए सबसे श्रेष्ठ साधन है। अतः निधि अपने ऋणी से साधारणतः अपेक्षा करता है कि वह औपचारिक खुली अन्तर्राष्ट्रीय निविदा के माध्यम से माल तथा सेवाओं को प्राप्त करे।

(ग) निधि द्वारा वित्त प्रदान की गई किसी विशेष परियोजना लिए इन निर्देशन बिन्दुओं का लागू होना, बोली लगाने के दस्तावेज और अधिप्राप्ति की क्रियाविधियां जिस सीमा तक निधि द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए पुनरीक्षा के अधीन है कि वे इन निर्देशन बिन्दुओं के अनुरूप है पात्र स्रोत देश और अपात्र स्रोत देशों में अनुमेय प्रायतों के लिए प्रावधान उस परियोजना के लिए निधि द्वारा प्रदान किए गए ऋण के संविदा सम्बन्धी दस्तावेजों में निर्धारित किए जाएंगे।

(घ) किसी भी परियोजना पर माल और सेवाओं की अधिप्राप्ति के लिए अन्तिम उत्तरदायित्व परियोजना के स्वामी पर होता है। चूंकि स्वामी प्रायः ऋणी भी होता है इसलिए इन मार्ग निर्देशन बिन्दुओं में ऋणी शब्द का प्रयोग मालिक के लिए भी किया गया है। परियोजना के लिए प्रदान किए जाने वाले माल और सेवाओं के लिए बोली लगाने वालों के विषय में ऋणी के अधिकार और दायित्व ऋणी द्वारा जारी किए गए बोली दस्तावेजों द्वारा शासित किए जाते हैं इन मार्ग निर्देशन बिन्दुओं द्वारा नहीं, ये निर्देशन बिन्दु केवल ऋणी और निधि के बीच क्या सम्बन्ध हैं इससे सम्बन्धित है।

खण्ड 1.02 औपचारिक खुली अन्तर्राष्ट्रीय निविदा से भिन्न क्रियाविधियाँ

कुछ ऐसी विशेष परिस्थितियां हो सकती है जिनमें औपचारिक खुली अन्तर्राष्ट्रीय निविदा उचित न ठहरे और निम्नलिखित मामलों में निधि अन्य दूसरे तरीके अपनाए :—

(क) जिन मामले में ऋणी के पास अपने उपस्कर का एक उचित मानकीकरण कायम रखने के लिए विश्वसनीय कारण हो,

(ख) जिस मामले में पात्र सम्भरकों की संख्या सीमित हो जैसे विद्यमान उपस्कर के लिए फालतू पुर्जों की सप्लाई,

(ग) जिस मामले में अधिप्राप्ति के लिए लगी हुई धनराशि इतनी कम हो कि विदेशी पार्टियां स्पष्ट रूप से इच्छुक न हों या यह कि अन्तर्ग्रस्त भार प्रशासकीय भार औपचारिक खुली अन्तर्राष्ट्रीय निविदा के लाभ से महत्वपूर्ण हो।

(घ) जिस मामले में उपर्युक्त (क), (ख) और (ग) के अतिरिक्त निधि औपचारिक खुली अन्तर्राष्ट्रीय निविदा की क्रियाविधियों का लागू करना अनुचित समझता है या निधि ऐसी क्रियाविधि को अनुपयुक्त समझता है उदाहरणार्थ आपातकालीन अधिप्राप्ति के मामले में। ऊपर उल्लिखित मामलों में निम्नलिखित माल प्राप्ति का फार्मूला इस प्रकार लागू किया जाए कि वह औपचारिक खुली अन्तर्राष्ट्रीय निविदा क्रियाविधि का पूर्ण सम्भव सीमा तक यथा उपयुक्त पालन करे।

(1) औपचारिक चुनिन्दा अन्तर्राष्ट्रीय निविदा

(2) अनौपचारिक अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगात्मक अधिप्राप्ति

(3) एक ही सम्भरक से सीधे ही खरीद।

खण्ड 1.03 संविदाओं की किस्म और आकार

संविदाएं निष्पादित काम के लिए इकाई मूल्य के या आवेदित मदों के या एकमुश्त कीमतों के या संविदा के विभिन्न भागों के लिए दोनों के समन्वय के आधार पर, प्रदान किए जाने वाले माल या सेवाओं के स्वरूप के अनुसार की जा सकती है और बोली लगाने वाले दस्तावेजों में चुनी गई संविदा की किस्म की स्पष्ट व्याख्या होनी चाहिए। वास्तविक मूल्य की प्रतिपूर्ति पर मुख्यतः आधारित संविदाएं विशेष परिस्थितियों को छोड़कर निधि को स्वीकार्य नहीं है।

विस्तृत प्रतियोगिता को बढ़ावा देने के लिए, अलग अलग संविदाये जिनके लिए बोलियां आमंत्रित की जाती हैं, जब भी सुविधाजनक हो इतने बड़े आकार की होनी चाहिए कि अन्तर्राष्ट्रीय आधार पर बोलियां आकर्षित कर सकें। दूसरी ओर, यदि तकनीकी और प्रशासकीय रूप में किसी परियोजना को विशिष्ट प्रकार की संविदाओं में विभक्त करना सम्भव है और इस प्रकार किया हुआ विभाजन लाभकारी होने की सम्भावना है तो विस्तृत रूप से औपचारिक खुली अन्तर्राष्ट्रीय निविदा की अनुमति प्रदान करने के लिए परियोजना इस प्रकार विभाजित की जाएगी। इंजीनियरिंग उपस्कर और निर्माण के लिए इसी पार्टी द्वारा प्रदान की जाने वाली संविदाएं (टर्न की संविदाएं) यदि देश के लिए तकनीकी और आर्थिक लाभप्रद प्रमाणित करें तो वे स्वीकार्य है।

अनुच्छेद-2

विज्ञापन और पूर्व अर्हताएं

खण्ड 2.01 विज्ञापन

औपचारिक खुली अन्तर्राष्ट्रीय निविदा के अधीन सभी संविदाएं बोली आमंत्रित करने के लिए ऋणी देश में सामान्य प्रचार के लिए कम से कम एक समाचार पत्र में विज्ञापित होनी चाहिए। विज्ञापन के बोली आमंत्रित करने की प्रतियां पात्र स्रोत देशों के स्थानीय प्रतिनिधियों को भी तुरन्त प्रेषित की जानी चाहिए।

खण्ड 2.02 बोली लगाने वालों की पूर्व अर्हताएं

जिस मामले में निधि बोली लगाने वालों की पूर्व अर्हताओं को आवश्यक समझती है, उसमें निधि बोली लगाने से पूर्व की शर्तों को मान्यता प्रदान कर सकता है। यह निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए।

(1) प्रत्येक पार्टी का समान कार्य में अनुभव और भूतकालीन निष्पादन,

(2) कर्मचारीगण, उपस्कर और संयंत्र के सम्बन्ध में उसकी सामर्थ्य और

(3) उसकी आर्थिक स्थिति।

पात्र समझे जाने के लिए इच्छा रखने वाले संविदाकारों को संक्षिप्त विशिष्टिकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। यदि पूर्व अर्हताएं प्रयोग की गई हों तो उन सभी पार्टियों को बोली लगाने की अनुमति दी जाएगी जो पात्र पाई गई हैं।

अनुच्छेद-3

बोली के दस्तावेज

खण्ड 3.01 निधि का सन्दर्भ

बोली लगाने वाले दस्तावेज निम्नलिखित भाषा में होने चाहिए :—

"... .... (ऋणी का नाम)

विदेशी आर्थिक सहयोग निधि से एक ऋण ... ...येन से ....(परियोजना का नाम) की कीमत के मद्दे में प्राप्त किया है (अथवा उपयुक्त मामलों में "आवेदन किया है)।"

खण्ड 3.02 बोली बाण्ड और गारन्टियां

बोली बाण्ड या बोली की गारन्टियां साधारण आवश्यकताएं है लेकिन इनको इतना कठिन नहीं बनाना चाहिए जिससे कि उचित बोलीकार हतोत्साह हो जाए। बोली खुलने के पश्चात् जैसे ही सम्भव हो बोली बाण्ड अथवा गारन्टियां असफल बोलीकारों को रिहा कर देनी चाहिए।

खण्ड 3.03 संविदा की शर्तें

संविदा के प्रशासन और उसके अधीन किए गए किन्हीं परिवर्तनों में दो संविदा की शर्तों में ऋणी और ठेकेदार या सम्भरक के अधिकार

और दायित्व और यदि ऋणी द्वारा कोई इंजीनियर नियुक्त किया गया है तो उसके अधिकार और प्राधिकार स्पष्ट रूप से परिभाषित होने चाहिए। संविदा की परम्परागत सामान्य शर्तों, जिनमें से कुछ का उल्लेख इन निर्देशन बिन्दुओं में किया गया है के अतिरिक्त परियोजना के स्वरूप और स्थिति के लिए उपयुक्त विशेष शर्तों को भी शामिल करना चाहिए।

खण्ड 3.04 विशिष्टिकरणों की स्पष्टता

जहां तक सम्भव हो पूर्ण किए जाने वाले कार्य, सम्भरित किए जाने वाले माल और सेवाओं और सुपुर्दगी या संस्थापन के स्थान को विशिष्टिकरणों में स्पष्ट और यथार्थ रूप से घोषित करना चाहिए। आलेख विशिष्टिकरणों के मूल विषय के अनुसार होने चाहिए, जहां पर ऐसा नहीं होगा वहां पर मूल विषय ही प्रधान रहेगा। विशिष्टिकरण में उन मुख्य तत्वों या आधारों की पहचान होनी चाहिए जिनको बोलियों का मूल्यांकन करते समय और उनकी तुलना करते समय ध्यान में रखा जाएगा इसके अतिरिक्त कोई अन्य सूचना, स्पष्टीकरण, विशिष्टिकरणों में हुई गलतियों को ठीक करना अथवा उनमें परिवर्तन करने के सम्बन्ध में उन सभी को तुरन्त सूचना भेजी जाएगी जिन्होंने मूल बोली दस्तावेजों के लिए आवेदन किया है। बोली के आमंत्रण में पात्र स्रोत देश निर्दिष्ट होने चाहिए और अपात्र स्रोत देशों से अनुमेय आयातों के लिए यदि कोई प्रावधान हो तो वह भी निर्दिष्ट होना चाहिए। जिन मामलों में निधि औपचारिक खुली अन्तर्राष्ट्रीय निविदा (देखिये खण्ड 1.02) से भिन्न किन्हीं कार्यविधियों के लिए सहमत हो गई है उनको छोड़कर विशिष्टिकरण का इसमें इस प्रकार उल्लेख होना चाहिए जिससे अधिक से अधिक अन्तर्राष्ट्रीय बोली लगाने वालों को अनुमति और प्रोत्साहन मिले।

खण्ड 3.05 मानदण्ड

यदि उन राष्ट्रीय मापदण्डों का उल्लेख किया जाता है जिनके अनुसार ही उपकरण या माल है तो विशिष्टिकरण में यह दर्शाया जाना चाहिए कि जापान औद्योगिक मापदण्ड या अन्य स्वीकार किए गए अन्तर्राष्ट्रीय मापदण्ड को पूरा करने वाली पण्य वस्तुएं जो मापदण्डों की कोटि के बराबर या इससे अधिक मापदण्ड का सुनिश्चय करती हैं उन्हें भी स्वीकार कर लिया जाएगा।

खण्ड 3.06 ब्राण्ड नामों का प्रयोग

यदि विशेष प्रकार के फालतू पुर्जों की आवश्यकता है या यह निश्चय किया गया है कि कुछ खास आवश्यक विशेषताओं को बनाए रखने के लिए मानकीकरण की एक डिग्री की आवश्यकता है तो विशिष्टिकरण निष्पादन क्षमता पर आधारित होने चाहिए और उन्हें एक केवल ब्राण्ड नाम, सूची संख्या या विशेष विनिर्माता के उत्पादों को निर्धारित करना चाहिए। बाद वाले मामले में विशिष्टिकरण को उन विकल्पों पण्यवस्तुओं के प्रस्तावों की अनुमति देनी चाहिए जिनकी विशेषता मिलती-जुलती है और कम से कम उन विशिष्टिकृत के बराबर निष्पादन और गुण उनमें हैं।

खण्ड 3.07 संविदाओं के अन्तर्गत खर्च

चूंकि निधि के ऋण का उपयोग पात्र स्रोत देशों के क्षेत्र में उत्पादित माल के लिए अपात्र स्रोत देशों से अनुमति आयात के लिए और पात्र स्रोत देशों से भेजी गई सेवाओं के लिए किए जाने वाले व्यय में वित्तदान करने तक ही सीमित है इसलिए संविदा के अन्तर्गत बोली दस्तावेजों में ठेकेदार अथवा सम्भरक को अपने व्यय तदनुसार सीमित रखने चाहिए या अपने विवरण-पत्रों या बीजकों में अपात्र स्रोत देशों में किए गए खर्चों का बोध कराना चाहिए। जिन माल और सेवाओं के लिए निधि वित्तदान करती है उनके भौगोलिक मूल उद्गम और उनके प्रमुख संघटकों से सम्बन्धित सूचना की आवश्यकता निधि की सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए होती है ठेकेदार अथवा सम्भरकों को बोली दस्तावेजों में आवश्यक सूचना भेजनी चाहिए।

खण्ड 3.08 बोलियों की कीमत लगाना

चूंकि निधि ऋण जापान येन में वर्गीकृत किया गया है, बोली का मूल्य जापान येन में दर्शाया जाना चाहिए लेकिन बोली मूल्य का वह भाग जिसको बोली लगाने वाला ऋणी के देश में खर्च करना चाहता है उसका वर्णन ऋणी की मुद्रा में किया जाना चाहिए।

खण्ड 3.09 संविदा की कीमत

संविदा कीमत जापान येन में दर्शाई जानी चाहिए बशर्ते कि संविदा कीमत का वह भाग जो ठेकेदार ऋणी के देश में खर्च करेगा ऋणी की मुद्रा में दर्शाया जाना चाहिए।

खण्ड 3.10 मूल्य समंजन कण्डिकाएं

बोली दस्तावेज में यह स्पष्ट विवरण होना चाहिए कि पक्की कीमतों की आवश्यकता है अथवा बोली की कीमतों में वृद्धि स्वीकार्य है। यदि संविदा के प्रमुख लागत अवयवों अर्थात् श्रम और महत्वपूर्ण सामग्री की कीमतों में कोई परिवर्तन होता तो उपयुक्त मामलों में संविदा की कीमतों में समंजन (उतार-चढ़ाव) के लिए व्यवस्था होनी चाहिए।

कीमतों के समंजन के लिए विशिष्ट सूत्र बोली दस्तावेजों में साफ-साफ परिभाषित होना चाहिए ताकि वही प्रावधान सभी बोलियों में लागू किया जा सके माल की सप्लाई के लिए संविदाओं में कीमतों के समंजन की उच्चतम निर्धारित सीमा को भी शामिल किया जाना चाहिए लेकिन सिविल कार्यों के लिए संविदाओं में इस प्रकार की उच्चतम निर्धारित सीमा को प्राय. शामिल नहीं किया जाना चाहिए।

एक वर्ष के अन्दर सुपुर्द किए जाने वाले माल के लिए मूल्य समंजन की व्यवस्था प्राय: नहीं होनी चाहिए। ये मार्ग-निर्देशन बिन्दु उन विभिन्न उपायों के परिचय का आभास नहीं कराती हैं जिनके द्वारा संविदा मूल्य समंजित किया जा सके।

खण्ड 3.11 अग्रिम भुगतान

खर्चा चलाने के लिए संविदा के सम्पादन पर अग्रिम रूप से किए गए कुल भुगतान का प्रतिशत उचित होना चाहिए। अन्य दिए जाने वाले अग्रिम धन जिसे काम में आने वाले माल की साईट पर सुपुर्दगी के लिए भी बोली दस्तावेजों से स्पष्ट रूप से वर्णन किया जाना चाहिए।

खण्ड 3.12 गारन्टी, निष्पादन बांड और रोकी रखी गई धनराशि

नागरिक कार्य के लिए बोली दस्तावेज में गारन्टी के लिए कुछ जमानत के रूप में होना चाहिए जिससे कि जब तक यह पूरा न हो जाए तब तक काम जारी रहेगा। यह जमानत या तो बैंक गारन्टी द्वारा अथवा निष्पादन बांड द्वारा दी जा सकती है इसकी धनराशि कार्य की किस्म और परिमाण के अनुसार भिन्न-भिन्न होगी, लेकिन ठेकेदार में कमी पाए जाने के मामले में ऋणी को सुरक्षा प्रदान करने के लिए पर्याप्त होनी चाहिए। उचित जमानती अवधि को पूरा करने के लिए संविदा के पूर्ण होने के बाद भी इसमें पर्याप्त रूप से समय में वृद्धि की जानी चाहिए। गारन्टी या अपेक्षित बांड की धनराशि को बोली दस्तावेजों में निरूपित किया जाना चाहिए।

माल की सप्लाई के लिए संविदाओं में आम तौर पर यह वांछनीय होगा कि बैंक गारन्टी अथवा बांड की अपेक्षा गारन्टी निष्पादन के लिए रोक रखी गई धनराशि का ही कुल भुगतान का प्रतिशत माना जाए। रोकी रखी गई धनराशि को कुल भुगतान की दर मानना और इसके अन्तिम भुगतान के लिए शर्तें बोली दस्तावेज में निर्दिष्ट होनी चाहिए। लेकिन, यदि बैंक गारन्टी अथवा बांड चुना जाता है तो यह केवल नाममात्र धनराशि के लिए ही होना चाहिए।

खण्ड 3.13 बीमा

सफल बोलीकार द्वारा दी जाने वाली बीमे की किस्मों का बोली दस्तावेजों में संक्षेप में वर्णन होना चाहिए।

खण्ड 3 14 चुकाई जाने वाली क्षति और बोनस प्रावधान

ऋणी को जब कार्य पूर्ण होने या सुपुर्दगी मे देर होने के कारण फालतू खर्चा, राजस्व की हानि या अन्य लाभो मे नुकसान होता है तो बोली दस्तावेजो मे चुकाई जाने वाली क्षति से सम्बद्ध प्रावधान शामिल होना चाहिए । ठेकेदार द्वारा सविदा मे निर्दिष्ट समय पर अथवा उससे पहले नागरिक निर्माण कार्य पूरा करने के लिए और जबकि समय से पूर्व पूर्ण किया गया कार्य ऋणी को लाभकारी हो तो ठेकेदार को बोनस देने की भी व्यवस्था की जाए ।

खण्ड 3 15 बाध्यकारी परिस्थिति

बोली दस्तावेजो मे शामिल की गई सविदा की शर्तों मे जब उचित हो तो इसे अनुबन्धित करते हुए इस सम्बन्ध मे वाक्याश होने चाहिए कि सविदा के अन्तर्गत पार्टी द्वारा अपने दायित्वो को पूरा न करना उस हालत मे एक चूक नही माना जाएगा यदि ऐसी चूक विवश स्थितियो (फोर्स मेज्योर) के फलस्वरूप हुई है (सविदा की शर्तों मे इसकी परिभाषा दी जानी है ।)

खण्ड 3 16 भाषा की व्याख्या

बोली दस्तावेज अग्रेजी मे तैयार किए जाने चाहिए । यदि बोली दस्तावेजो मे भाषा इस्तेमाल मे लायी जाए तो ऐसे दस्तावेजो के साथ अग्रेजी भी होनी चाहिए और इस बात का भी उल्लेख किया जाए कि कौन-सी भाषा प्रमुख है ।

खण्ड 3 17 झगड़ों का निपटान

झगडो के निपटान से सम्बन्धित व्यवस्थाए सविदा की शर्तों मे शामिल की जानी चाहिए । यह वाछनीय है कि व्यवस्थाए अन्तर्राष्ट्रीय वाणिज्य मण्डल द्वारा बनाए गए "समझौते और मध्यस्थ निर्णय के नियमो" पर आधारित होने चाहिए ।

अनुच्छेद IV

बोली खोलना, मूल्यांकन और ठेका देना

खण्ड 4 01 बोलियों के आमत्रण और प्रस्तुत करने के बीच का समय

बोली तैयार करने के लिए अनुमित समय अधिकतर सविदा की महत्वता और पेचीदगी पर निर्भर करेगा । साधारणत अन्तर्राष्ट्रीय बोली के लिए कम से कम 45 दिन की स्वीकृति दी जानी चाहिए । जहा पर नागरिक निर्माण कार्य अधिक है, वहा पर प्रत्याशित बोलीकारो का अपनी बोलिया प्रस्तुत करने से पहले स्थान पर भली भाति देखभाल करने के लिए आमतौर पर कम से कम 90 दिन दिए जाने चाहिए । किन्तु अनुमित समय प्रत्येक परियोजना से सम्बन्धित परिस्थितियो को ध्यान मे रखते हुए होना चाहिए ।

खण्ड 4 02 बोली खोलने की क्रियाविधि

बोलियो की अन्तिम पावती के लिए और बोली खोलने के लिए तिथि, समय और स्थान की बोली आमत्रण मे घोषित किया जाना चाहिए और सभी बोलिया निर्धारित समय पर खुले आम खोलनी चाहिए । इस समय के बाद प्राप्त हुई बोलियो का बिना खोले ही लौटा देना चाहिए । यदि उन्होने अनुरोध किया है या उन्हे अनुमति दे दी गई है तो बोलीकार का नाम और प्रत्येक बोली का और किसी वैकल्पिक बोलियो की कुल धनराशि जोर से पढी जानी चाहिए और उसको रिकार्ड कर लेना चाहिए ।

खण्ड 4 04 बोलियो का स्पष्टीकरण या उनमें परिवर्तन

बोली खुलने के पश्चात् किसी भी बोली बोलने वाले को उसकी बोली मे परिवर्तन करने की अनुमति नही दी जानी चाहिए । केवल स्पष्टीकरणो को ही स्वीकार किया जाए जिससे बोली के मूल तत्व पर कोई प्रभाव न पड़े । ऋणी किसी भी बोली बोलने वाले से अपनी बोली के विषय मे स्पष्टीकरण के लिए कह सकता है लेकिन बोलीकार को उनकी बोली के वास्तविक एव सत्य परिवर्तन के विषय मे नहीं कहना चाहिए ।

खण्ड 4 04 गुप्त रखी जाने वाली क्रियाविधि

कानून द्वारा यथा अपेक्षित को छोडकर बोली के खुलने के बाद बोली से सम्बन्धित निरीक्षण, स्पष्टीकरण एव मूल्याकन और निर्णय से सम्बन्धित सिफारिशो के बारे मे भी उस व्यक्ति को जो इन क्रियाविधियो से औपचारिक रूप से सम्बन्धित नही है तब तक नही बताया जाना चाहिए जब तक कि सफल बोलीकार के लिए सविदा के निर्णय को घोषित नही कर दिया जाता है ।

खण्ड 4 05 बोलियो की जाँच

बोलियो के खुलने के बाद इसका सुनिश्चय कर लेना चाहिए कि क्या कोई बोलियो के परिकलन मे विषय सम्बन्धी गलती तो नही लिख दी गई हैं, क्या बोली दस्तावेज बिल्कुल बोलियो के अनुसार है, क्या आवश्यक जमानतो की व्यवस्था कर दी गई है, क्या दस्तावेज विधिवत हस्ताक्षरित हैं और क्या बोलिया सामान्यत अन्यथा रूप से सही हैं ? यदि बोलिया मूल रूप मे विशिष्टिकरण के अनुसार नही है या उसमे अस्वीकृत शर्ते है या अन्यथा मूल रूप से बोली सम्बन्धी दस्तावेजो के अनुसार नही है तो उन्हे अस्वीकृत किया जाना चाहिए । इसके बाद प्रत्येक बोली के मूल्याकन के लिए और बोलियो के मिलान के लिए तकनीकी विश्लेषण किया जाना चाहिए ।

खण्ड 4 06 बोलिकारो की पूर्व योग्यताए

पूर्व योग्यताओ की अनुपस्थिति मे आयातक को चाहिए कि वह इस बात का सुनिश्चय करे कि उस बोलीकार के पास सबद्ध सविदा को प्रभावी रूप से चलाने के लिए क्षमता है और धन है जिसकी बोली का काम कम से कम मूल्याकन किया गया है। यदि बोलीकार इन योग्यताओ को पूरा नही करता तो उसकी बोली को अस्वीकार कर दिया जाना चाहिए।

खण्ड 4 07 बोलियों का मूल्यांकन और मिलान

बोलिया का मूल्याकन बोली दस्तावेजों में निर्धारित नियमो एव शर्तो के अनुसार होना चाहिए। अगणितीय गलतियो के लिए समजित बोली की कीमत के अतिरिक्त अन्य बातो जैसे निर्माण कार्य के पूर्ण होने का समय, उपकरण की कार्यकुशलता एव क्षमता या फालतू पुर्जों की उपलब्धता और प्रस्तावित निर्माण कार्य तरीका की विश्वसनीयता को विचार मे लिया जाना चाहिए। जहा तक सभव हो ये बाते बोली दस्तावेजो मे विशिष्टिकृत मानदड के अनुसार रुपए पैसे की शर्तो मे व्यक्त की जानी चाहिए। यदि कोई हो तो बोली मे शामिल की गई समजन कीमत के लिए वृद्धि की धनराशि विचार मे नही ली जानी चाहिए।

प्रत्येक बोली मे मुद्रा अथवा मुद्राए जिनमे मूल्य आका जाता है बोली स्वीकृत होने पर ऋणी द्वारा भुगतान किया जाएगा और सभी बोलियो की तुलना ऋणी द्वारा चुनी गई एक ही मुद्रा मे मूल्याकित होना चाहिए और इसका उल्लेख बोली दस्तावेजो मे भी होना चाहिए। ऐसे मूल्याकन मे उपयोग के लिए विनिमय की दर सरकारी स्रोत द्वारा प्रकाशित विक्रय दरो पर होनी चाहिए और जब तक निर्णय होने से पूर्व मुद्रा के मूल्य मे कोई परिवर्तन न किया जाए तब तक बोलिया खुलने के दिन तक उसी प्रकार के भुगतानो पर लागू होनी चाहिए। ऐसे मामलो मे सफल बोलीकार के निर्णय अधिसूचित करते समय विनिमय की दर उपयोग मे लाई जानी चाहिए।

बोली की मूल्याकन और मिलान की रिपोर्ट जिसमे वे विशेष कारण निर्धारित किए गए है जिन पर न्यूनतम मूल्याकित बोली का निर्धारण आधारित है ऋणी या उसके सलाहकारो द्वारा तैयार की जानी चाहिए।

खंड 4.08 बोलियों को अस्वीकृत करना :

बोली दस्तावेजों में सामान्यतया यह व्यवस्था की गई है कि ऋणी सभी बोलियों को अस्वीकृत कर सकते हैं। लेकिन बोलियों को अस्वीकार नहीं करना चाहिए और नई बोलियों में कम कीमत प्राप्त करने के प्रयोजनार्थ पूर्णत: उसी विशिष्टिकरण पर नई बोलियां आमंत्रित नहीं की जानी चाहिए। यह उन मामलों को छोड़कर होगा जहां न्यूनतम मूल्यांकित बोली वास्तविक धनराशि द्वारा अनुमानित कीमत से अधिक हो जाती है। सभी बोलियों को अस्वीकार करने के लिए भी तब औचित्य देने चाहिए जहां (क) बोलियां, बोली दस्तावेज के आशय के अनुसार नहीं है या (ख) बहुत कम प्रतियोगिता है। यदि सभी बोलियों को अस्वीकार कर दिया जाता है तो ऋणी को चाहिए कि वह उस कारण या उन कारणों की पुनरीक्षा करे जिससे अस्वीकृति सिद्ध की गई है और या तो विशिष्टि-कारण के परिवर्तनों पर या परियोजना के परिशोधन पर (या बोलियों के लिए मूल आमंत्रण में मांगी गई पण्यवस्तुओं की धनराशि पर) या दोनों पर विचार करें। विशेष स्थितियों में निधि पर विचार करने के बाद ऋणी संतोषजनक संविदा प्राप्त करने के लिए किसी एक कम से कम बोली देने वाले बोलीकार या दो बोलीकार के साथ सौदा कर सकता है।

खंड 4.09 संविदा का निर्णय :

संविदा का निर्णय उस बोलीकार के लिए किया जाना चाहिए जिसकी बोली न्यूनतम मूल्यांकित बोली पर निश्चित की गई है और जो क्षमता और वित्तीय साधनों के उचित मानक को पूरा करता है। ऐसे बोलीकार के लिए यह आवश्यक नहीं होना चाहिए कि वह निर्णय को एक शर्त के रूप में विशिष्टिकरण में निर्धारित पण्य-वस्तुओं के लिए या अपनी बोली को परिशोधित करने के लिए जिम्मेदारी ले।

